>

Title: Regarding setting up of Kendriya Vidyalaya in Kaushambi, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): सभापति महोदया, मैं कौशाम्बी लोक सभा से निर्वाचित हो कर दोबारा आया हूं । कौशाम्बी लोक सभा में दो जनपद प्रतापगढ़ और कौशाम्बी हैं । कौशाम्बी 4 अप्रैल, 1997 को जिला बना, जिसके कारण सारे शैक्षणिक संस्थान चाहे इंजीनियरिंग कालेज हों, मेडिकल कालेज हों या डिग्री कालेज हों सब के सब प्रयाग जिले में चले गए । कौशाम्बी जनपद के पौराणिक महत्व को देखते हुए उसे जिला बनाया गया । जब यह नया जिला बना, तो यहां केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन आरक्षित की गई । मैं पिछले छह साल से माननीय मंत्री जी से निवेदन कर रहा हूं कि वहां एक केंद्रीय विद्यालय खोला जाए, जिसके लिए आपके विभाग द्वारा जमीन का सर्वे भी किया गया । जब जमीन को रिजेक्ट किया गया, तो दूसरी जमीन दी गई और विद्यालय को अस्थायी चलाने के लिए एक जगह का सर्वे किया गया । माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित हैं । मेरा करबद्ध निवेदन है कि आज इस विषय में कुछ भाषण दें । पिछले साढ़े छह साल से मैं लगभग छह-सात बार इस विषय को उठा चुका हूं और कौशाम्बी लोक सभा में 20 लाख से ज्यादा लोग हैं, जिनके पास शैक्षिक व्यवस्था नहीं है । मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि जमीन भी दे दी गई है और अस्थायी परिसर भी उपलब्ध करवा दिया गया है । वहां केंद्रीय विद्यालय खोलने की अनुमति दें । आज सौभाग्य से मंत्री जी सदन में हैं । यदि वे कोई आश्वासन दे दें, तो बेहतर होगा ।